## दिनांक 06–07–2020 की बैठक का कार्यवृत (Minutes)

दिनांक 06–07–2020 को विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन, नैनीताल के सभागार में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (National Assessment & Accreditation Council-NAAC) नैक ग्रेडिंग की तैयारियों को लेकर 11:00 बजे माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गयी । जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे।

1– प्रो0 एल0 एम0 जोशी,
परिसर निदेशक, डीएस0बी0 परिसर, नैनीताल ।

2– प्रो0 पी0सी0 कविदयाल
परिसर निदेशक, सर जे0सी0 बोस तकनीकी परिसर, भीमताल ।

3– प्रो0 सतपाल सिंह बिष्ट, (Vice Chancellor's Nominee)
जन्तु विज्ञान, डी0एस0बी0 परिसर, नैनीताल।

4– प्रो0 राजीव उपाध्याय,
निदेशक, आई0क्यू0ए0सी0, कु0वि0वि0, नैनीताल ।

5– प्रो0 एम0सी0 जोशी,
निदेशक, सिरिक, कु0वि0वि0, नैनीताल ।

6– डा0 दिव्या जोशी, उपाध्याय,
उप निदेशक, एच0आर0डी0सी0 दि हरमिटेज ।

7– श्री के0आर0 भट्ट, कुलसचिव, कु0वि0वि0, नैनीताल ।

8–वरिष्ठ सूचना वैज्ञानिक, कु0वि0वि0, नैनीताल ।

उक्त सदस्यों की उपस्थिति में बैठक का आरम्भ माननीय कुलपति जी के सम्बोधन के साथ दिनांक 25–06–2020 को सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णयों के कार्यो की विस्तृत रूप में जानकारी ली गई साथ ही निम्नवत् बिन्दुओं में चर्चा की गई।

1. नैक (NAAC) मूल्यांकन Cycle 2 हेतु एस0एस0जे0 परिसर अल्मोडा को भी सम्मिलित किया जायेगा। यद्यपि एस0एस0जे0 परिसर अल्मोडा शीध्र ही कुमाऊँ विश्वविद्यालय से पृथक विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित होने वाला है।

2. NIRF द्वारा विश्वविद्यालय की रेंकिग वर्ष (2018–19) संतोषजनक न होने के कारणों की सविस्तार चर्चा की गई।

2(i). कुलसचिव विगत 5 वर्षो में विश्वविद्यालय में शिक्षकों की सीधी भर्ती न हो पाने के कारणों से सम्बन्धित समस्त पत्रावली संकलित कर आख्या तैयार करेंगे। यह आख्या निदेशक, आई0क्यू0ए0सी0 को भी उपलब्ध करायी जायेगी।

2(ii). शोध गुणवत्ता एवं 'कोलेबोरेशन' में विश्वविद्यालय को बहुत कम अंक प्राप्त हुए जो कि चिन्ताजनक है। शोध पत्रों एवं प्रकाशन की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु सुझाव है कि प्रत्येक पीएच0डी0 विद्यार्थी को यू0जी0सी0 द्वारा निर्धारित न्यूनतम एक शोध पत्र के अतिरिक्त भी उच्च स्तर के शोध पत्र प्रकाशित करवाना अनिवार्य किया जाय इस पर विचारार्थ निदेशक शोध बैठक का आयोजन सुनिश्चित करें।

2(iii). प्रत्येक विभाग से समस्त कोलेबोरेशन एवं प्रोजक्ट की समस्त जानकारी प्राप्त की जाय।

2(iv). 'ग्रेजुएट आउटकम' की श्रेणी में प्राप्तांकों में वृद्धि हेतु वांछनीय है कि प्रत्येक विभागाध्यक्ष अपने विभाग के पूर्व छात्रों (Alumni) से सम्बन्धित आंकडे एवं सूचना एकत्र करें। इस कार्य के समन्वय का दायित्व Alumni Association Cell के प्रभारी डॉ0 अमित जोशी का होगा। एन0सी0सी0 एवं एन0एस0एस0 के प्रभारी भी इस कार्य में सहयोग करेंगे।

2(v). निशक्तजन श्रेणी के सदस्यों के लिये उपयुक्त सुविधायें सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक परिसर में रैम्प एवं प्रसाधन कक्ष इत्यादि बनवाना अतिशीध्र सुनिश्चित करें।

2(vi). 'परसेप्शन' की श्रेणी में विश्वविद्यालय को बहुत कम अंक प्राप्त हुए है। जो कि चिन्ताजनक है। इस श्रेणी में सुधार हेतु सुझाव है कि विद्यार्थियों से फीडबैक लेकर उपयुक्त सुधार अतिशीध्र आरम्भ किये जाय। विद्यार्थियों से लिखित फीडबैक उनकी आन्तरिक परीक्षा के समय लिया जा सकता है। अन्य हित धारकों से फीडबैक डॉ0 अमित जोशी लेना सुनिश्चित करेंगे।

2(vii). विद्यार्थियों की आन्तरिक मूल्यांकन में अनियमितताओं को लेकर शिकायतों को सम्बोधित करने हेतु यह सुनिश्चित किया जाय कि आन्तरिक मूल्यांकन में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता रहे। जिसके लिये आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों विभाग द्वारा प्रदर्शित किये जाय।

3. विश्वविद्यालय की AQAR 31 जुलाई, 2020 तक आनलाइन जमा करना सुनिश्चित किया जायेगा।

4. विश्वविद्यालय की IIQA 15 दिसम्बर, 2020 तक आनलाइन जमा करना सुनिश्चित किया जायेगा।

5. विश्वविद्यालय की बैबसाइट पर RTI सम्बन्धित घोषणाओं को अपडेट करने का कार्य RTI/मूख्य सूचना अधिकारी सुनिश्चित करेंगे साथ ही विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों की सूची एवं

सम्पर्क (मोबाइल नम्बर) सूचना भी बेबसाइट पर अपडेट करें। जिन अनुभागों पर सीटिजन चार्टर लागू होता है, उनको यह चार्टर तैयार करने का निर्देश दिया जाय।

6. 'स्टूडेन्ट ग्रिवेन्स पोर्टल' एवं इसके नोडल अधिकारी से सम्बन्धित सूचना भी वेबसाइट पर दर्शायी जाय।

7. कुलसचिव विश्वविद्यालय के 12 बी प्रमाण पत्र, विधि विभाग से सम्बन्धित बॉर काउसिल प्रमाण पत्र, एवं अन्य समस्त अनिवार्य प्रमाण पत्रों की अद्यतन स्थिति का परीक्षण कर सुनिश्चित करेंगे कि ये विश्वविद्यालय को प्राप्त हों

8. विश्वविद्यालय के 'बैस्ट प्रैक्टिसेज' की आख्या में ग्रीन कैम्पस, रेन वॉटर हरवेस्टिग, सौर उर्जा का प्रयोग एवं कागज मुक्त कार्यालय पर ध्यान केन्द्रित किया जाय। कागज मुक्त कार्यालय को प्रोत्साहित करने हेतु डी0आई0सी0 कदम उठायें। केन्द्रिय पुस्तकालय के प्रयोग हेतु स्कोपस साफ्टवेयर के क्रय को संस्तुति दी जाती है।

9. ई–लाईबेरी के अनुदान में से इस स्कोपस साफ्टवेयर क्रय को किया जा सकता है।

10. नैक की रिपोर्ट हेतु शोध सम्बन्धी डाटा एकत्र करते समय विभागाध्यक्ष सुनिश्चित करें कि प्रत्येक विभागीय सदस्य का H-Index, I- Index, Citation दिया गया हो।

11. कुलसचिव प्रत्येक अनुभाग प्रभारी के दायित्वों एवं कार्यों को चिन्हित करेगें।

12. नैक मूल्यांकन आख्या तैयार करने में सांख्कीय सहायक की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। वे नैक मैनुअल का अध्ययन कर कार्य आरम्भ करें। मैनुअल के पृष्ठ संख्या 39 से 46 पर दिये गये University Profile को 31 जुलाई, 2020 तक तैयार करें।

13. दिनांक 21 जुलाई 2020 (मंगलवार) को आगामी बैठक आहूत की जाय।

Dinyah 08/07/2020

निदेशक

आई0 क्यू0 ए0 सी0
कु0वि0वि0, नैनीताल।